बिहार सरकार
बिहार तकनीकी सेवा आयोग
19, हार्डिंग रोड, पटना – 800001

प्रेस विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्याः–01 तिथिः–02.03.2019

कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) के रिक्त पदों पर स्थायी नियोजन हेतु चयन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार सरकार के विभिन्न विभागों अन्तर्गत **कनीय अभियंता असैनिक/यांत्रिक/विद्युत के कुल–3,037** पदों पर नियुक्ति हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से प्राप्त अधियाचना के आलोक में सुयोग्य उम्मीदवारों, जो भारत के नागरिक हों, से विहित प्रपत्र में ऑन लाईन आवेदन दिनांक–15.04.2019 तक आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

विज्ञापन से संबंधित विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश बिहार तकनीकी सेवा आयोग के वेबसाइट http://btsc.bih.nic.in एवं http://pariksha.nic.in पर दिनांक–11.03.2019 से देखा जा सकता है।

अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रकिया आरम्भ करने के पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली भांति अध्ययन कर लेगें।

सभी कोटि के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित किए गये शुल्क की राशि एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया, जो विज्ञापन में अंकित है, के अनुसार उम्मीदवार आवेदन भरते समय शुल्क का भुगतान करेंगें।

उक्त से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के टोल फ्री न0–18003456221 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से प्राप्त अन्य अधियाचनाओं के आलोक में रिक्तियों की संख्या बढायी जा सकती है।

9.3.2019
उप सचिव
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।